# बाबा तुमसे गुज़ारिश है, मुझे लेने तुम्ही आना

मेरे जीवन की इक तमन्ना है,
इस तमन्ना को पूरा करो.
बाबा आस मेरी जो भी है तुमसे,
उस आस को पूरा करो.
बाबा तुमसे गुज़ारिश है,
मुझे लेने तुम्ही आना.
सांस जब भी हो पूरी मेरी,
मुझे लेने तुम्ही आना.
.
तेरी दहलीज पे बाबा,
मैं जब दर्शन को आजयु.
करूं दर्शन मैं मूरत के,
तेरा दीदार मैं पायु.
पुकारू जब तुम्हे मोहन,
मुझसे आगे खड़े पाना.
बाबा तुमसे गुज़ारिश है,
मुझे लेने तुम्ही आना.
.
मेरा जीवन तेरा रिन है,
अगर तुम हो तो ही दिन है.
लगालों अपने भजनों में,
मेरा जब तक यह जीवन है.
भजन तेरा हो नींद मेरी,
यही पीना यही खाना.
बाबा तुमसे गुज़ारिश है,
मुझे लेने तुम्ही आना.
.
यह दुनियां तो है मतलब की,
कोई भी ना यहां मेरा.
अगर जिंदा हु मैं बाबा,
सहारा बस मुझे तेरा.
जो अंतिम है वह सांस मेरी,
हो तेरे धाम पे जाना.
बाबा तुमसे गुज़ारिश है,
मुझे लेने तुम्ही आना.
सांस जब भी हो पूरी मेरी,
मुझे लेने तुम्ही आना

Uploader
Bhajan parwahak Naman Chadha 8194875323

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34896/title/baba-tumse-gujarish-hai-mujhe-lene-tumhi-aana

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |